छुट्टियों के दिनों में खुले रहने वाले डाकघर

779. **श्री राम नरेश यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ डाकघर रविवार तथा अन्य राजपत्रित अवकाश के दिनो मे भी खुले रहते है ,

(ख) यदि हा, तो ऐसे डाकघरो की सख्या कितनी है ,

(ग) सरकार चालू वर्ष और आगामी वर्ष के दौरान रविवार को ऐसे कितने डाकघरो को खोले रखने का विचार रखती है , और

(घ) इस संबंध मे राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) जी हा । महत्व की दृष्टि से चुने गये डाकघर सामान्य कार्यालय समय के पश्चात् और रविवार सहित अवकाश के दिनो मे खुले रहते है । उन्हे रात्रिकालीन डाकघर कहा जाता है ।

(ख) देश मे इस प्रकार के 174 डाकघर हैं ।

(ग) फिलहाल और अधिक रात्रिकालीन डाकघर खोलने का कोई प्रस्ताव नही है ।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नही उठता ।

उत्तर प्रदेश के गांवों में डाक एव तार घरों की व्यवस्था

780. **श्री राम नरेश यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश मे ऐसे गांवो की सख्या कितनी है, जिनमे डाक एवं तार सुविधाये अत्र तक उपलब्ध नही कराई गई है ; और

(ख) सरकार उत्तर प्रदेश के सभी गावो मे यह सुविधाए कब तक उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) :

(क) **डाक सुविधाएं :**

उत्तर प्रदेश मे 105398 जनसख्या वाले ग्रामो मे डाकघर नही है। तथापि, डाक का वितरण होता है और वितरण एजेंट डाक टिकटो की बिक्री करते हैं तथा सभी ग्रामो मे रजिस्टर्ड पत्रो की बुकिंग करते हैं ।

तार सुविधाएं :

इस समय उत्तर प्रदेश मे 108874 ग्राम ऐसे है, जहा तार सुविधाये उपलब्ध नही है ।

(ख) **डाक सुविधाएं :**

डाक घर खोले जाने के लिये मौजूदा मान दण्डो के अनुसार निम्नलिखित पैरामीटरों को अपनाया जाना अपेक्षित है ।

सामान्य क्षेत्रों में :—

एक ग्राम समूह की जनसंख्या 3000 होनी चाहिये और डाक घर खोले जाने के लिये प्रस्तावित ग्रामो की दूरी निकटतम डाकघर कम से कम तीन किलोमीटर होनी चाहिये । अत. उत्तर प्रदेश के सभी ग्रामो में डाक घरो की सुविधा उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव नही है। लेकिन जो ग्राम डाक घर खोलने के लिये जनसंख्या तथा दूरी के उपर्युक्त मानदण्डों को